आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 09.11.2024

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखण्ड आज अपना 24वां स्थापना दिवस मना रहा है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।
- देहरादून में कल से विज्ञान और प्रोद्योगिकी में नवाचार विषय पर पांच दिवसीय युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।
- राज्य सरकार प्रिजर्वेशन ऑफ दून सिल्क हेरिटेज प्रोजेक्ट से प्रदेश की 300 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी।
- केदारनाथ यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों ने इस वर्ष लगभग एक करोड़ रुपए का कारोबार किया।

राज्य स्थापना दिवस

उत्तराखण्ड आज अपना 24वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। राज्य निर्माण के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के सपनों को साकार करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन के मूल में उत्तराखण्ड के समग्र एवं संतुलित विकास की अवधारणा रही थी। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति, युवा शक्ति और पूर्व सैनिकों की अहम भागीदारी से सशक्त उत्तराखण्ड के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सरकार अग्रसर हैं।

युवा महोत्सव

राज्य में कल से पांच दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसका विषय है–विज्ञान और प्रोद्योगिकी में नवाचार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसका उद्घाटन करेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि महोत्सव के दौरान खेल प्रतियोगिताएं और प्रेरक भाषण होंगे और इसमें कई जाने–माने खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।

इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

श्रीमती आर्या ने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान 28 जनवरी 2025 से होने वाले राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण के लिए वालंटियर पोर्टल का भी शुभारम्भ किया जाएगा।

<u>सीपीए</u>

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भाग लेकर ऑस्ट्रेलिया दौरे से भारत लौट आई हैं। यह सम्मेलन सिडनी के अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था था, जहां विभिन्न देशों के सांसदों के साथ संसदीय लोकतंत्र और शासन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। राज्य विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह सम्मेलन संसदीय लोकतंत्र को सशक्त करने और वैश्विक मंच पर शासन प्रथाओं के आदान–प्रदान का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

<u>आत्मनिर्भर महिलांए</u>

राज्य सरकार प्रिजर्वेशन ऑफ दून सिल्क हेरिटेज प्रोजेक्ट से प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी। इस परियोजना के जरिए आजीविका कार्यक्रम के तहत तैयार किए गए महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से रेशम की खेती, सोलर द्वारा संचालित मशीनों से रेशम धागे के उत्पादन और रेशम कोकून क्राफ्ट का काम किया जाएगा। देहरादून में केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं रेशम निदेशालय तथा ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस योजना से महिला काश्तकारों को स्वावलंबी बनने में मदद होगी, जिससे वे वार्षिक रूप से औसतन 50 हजार रुपये की आमदनी अर्जित कर पाएंगी। इस योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में कुल 300 महिलाओं को लाभांवित करने का लक्ष्य है। योजना पर अगले चार सालों में छह करोड़ साठ लाख रुपए खर्च किये जांएगे।

<u>महिला आर्थिकी सशक्तिकरण</u>

उत्तराखण्ड में पर्यटन और चारधाम यात्रा, राज्य की महिलाओं को रोजगार से जुड़ने के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। केदारनाथ यात्रा पर साढ़े सोलह लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने से जहां इस बार राज्य में पर्यटन को गति मिली, वहीं बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से महिला स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस वर्ष केदारनाथ यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों ने लगभग एक करोड़ रुपए का कारोबार किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब तीस लाख रुपए अधिक है।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती ने बताया कि केदारनाथ में दुनियाभर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को मुख्य तौर पर केदारनाथ धाम के लिए महाप्रसाद, धाम का सोवेनियर, धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट और रेशम के बैग तथा चारधाम के तोरण बनाकर महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा सरस रेस्तरां एवं आउटलेट, हिलांस कैफे तथा बेकरी संचालन के माध्यम से भी मातृशक्ति को आजीविका से जोड़ा गया।

बाइक रैली

सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन तथा नशा मुक्ति अभियान का जागरूकता संदेश लिए कल देहरादून में बाइक रैली निकाली गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तराखण्ड होमगार्ड्स, अमिताभ श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली लीची बाग दिलाराम चौक से शुरू हुई और मॉल ऑफ देहरादून हरिद्वार रोड पर जाकर समाप्त हुई। बाइक रैली में लगभग 90 बाइकर्स ने भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से यातायात प्रबंधन और से नो टू ड्रग्स का संदेश दिया।

परीक्षा परिणाम

कुमाऊं विश्वविद्यालय की आठ सितंबर को आयोजित हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद आगामी 13 से 15 नवंबर को साक्षात्कार आयोजित किए जांएगे। उत्तराखंड राज्य संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों को 11 नवंबर से समर्थ पोर्टल पर 300 रुपये साक्षात्कार शुल्क ऑनलाइन जमा कराकर साक्षात्कार पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करना होगा। इसके साथ ही अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल एवं एक–एक छायाप्रति के साथ साक्षात्कार में शामिल होना होगा।

सांसद अजय भटट

नैनीताल–ऊधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने हल्द्वानी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान श्री भट्ट ने सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को गम्भीरता के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओ पर बनने वाली परियोजनाओं की सूचना जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को भी कहा।

योजनाओं को धरातल

टिहरी से सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने उत्तरकाशी जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी, दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का काम करें।

सांसद ने जिले में स्वीकृत सभी मोटर मार्गो और पुलों के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के साथ ही निर्माण में आने वाली अड़चनों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिये।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा तय करने की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने अपने पहले पृष्ठ में जगह दी है। हिन्दुस्तान लिखता है— ए.एम.यू का अल्पसंख्यक दर्जा नई पीठ तय करेगी। अमर उजाला लिखता है— ए.एम.यू पर सुप्रीम फैसला : कानून के जरिए स्थापित हो सकता है अल्पसंख्यक संस्थान।

स्ट्रीट लाइट के खराब होने की शिकायतों के लिए शुरू क्यू.आर कोड की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। खुले में कूड़ा या स्ट्रीट लाइट खराब—क्यू.आर कोड से करें शिकायत, दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है।

पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की सुरक्षा पर दैनिक जागरण लिखता है— पर्वतीय मार्गों पर संचालित बसों व मैक्सी—कमैब का सेफ्टी ऑडिट, अल्मोड़ा बस दुर्घटना के बाद हरकत में सरकार, संयुक्त टीम करेगी फिटनेस की जांच।

हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है— क्लेमनटाउन में गढ कौथिक का रंगारंग आगाज, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सासद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने किया शुभारम्भ, पहले दिन पहाड़ी संस्कृति और खानपान से रूबरू हुए दर्शक।